# नगर निगम द्वारा शहर में पार्किंग शुल्क के टेंडर जारी

- पहले से ही ले रहे 6 हजार प्रति कार
- निजी को वसूलने का कर रहे मना

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में नगर निगम अब बहुमंजिला पार्किंग इमारतों के अलावा भी पार्किंग शुल्क वसूलने की तैयारी कर रहा है. इसको लेकर निगम ने टेंडर भी जारी कर दिए है. वहीं दूसरी ओर शहर में दो पहिया और चार पहिया वाहनों से भी पार्किंग शुल्क की राशि वसूली जा रही है. खास बात यह है कि नगर निगम एवं महापौर शहर में मॉल और व्यावसायिक भवनों में पार्किंग शुल्क वसूलने से मना करते रहे हैं.**

शहर में नगर निगम ने बहुमंजिला पार्किंग इमारतों में गाड़ी पार्क करने पर शुल्क वसूलने की तैयारी कर ली है. बकायदा इसके टेंडर जारी कर दिये है, जिसमें महाराजा कॉम्प्लेक्स और सरवटे बस स्टैंड के टेंडर दे दिए गए है. सवाल यह है कि नगर निगम शहर में यातायात और पार्किंग व्यवस्था के लिए वाहन खरीदने पर डीलरों के माध्यम से शुल्क वसूल रहा है. वहां खरीदते समय दो पहिया वाहन पर 15 सौ से 2 हजार और चार पहिया वाहन पर 6 हजार रुपए प्रति गाड़ी पार्किंग शुल्क वसूल रहा है. वाहन डीलरों को उक्त शुल्क नहीं देने पर आरटीओ गाड़ी का पंजीयन नहीं करता है. इसके उलट नगर निगम शहर में निजी बहुमंजिला इमारत और मॉल्स में पार्किंग शुल्क वसूलने से मना करता है। नगर निगम और महापौर स्वयं ट्रेजर आइलैंड और अन्य व्यावसायिक भवनों में पार्किंग निशुल्क करने की बात कह चुके है. नगर निगम द्वारा पालिका प्लाजा फेज 1 एवं 2, रघुनाथ पेट्रोल पंप (प्रेमसुख टॉकीज), सुभाष चौक, बजाज खाना चौक सहित शहर में अन्य व्यावसायिक भवनों में पार्किंग के टेंडर जारी कर दिए गए है. टेंडर आते ही निगम के व्यावसायिक भवनों में पार्किंग शुल्क वसूली शुरू हो जाएगी.

**दो जगह के टेंडर हो चुके**

अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर ने इस बारे में बताया कि दो जगह के पार्किंग शुल्क वसूलने के टेंडर हो चुके है. बाकी जगहों पर टेंडर जारी कर दिए है, उनके टेंडर आने पर वहां भी पार्किंग शुल्क देय होगा.

# शिक्षा विभाग में तबादलों की हलचल, आदेश के बाद तबादले रुकवाने की कवायद तेज

## 36 लिपिकों व भृत्यों के तबादले, अंतिम सूची के एक नाम को लेकर विभाग में चर्चाएं

नवभारत न्यूज

**इंदौर. स्कूल शिक्षा विभाग में प्रशासनिक आधार पर 36 लिपिकों एवं भृत्यों के तबादले किए गए हैं. तबादला आदेश जारी होने के बाद कई कर्मचारी अपने-अपने तबादले रुकवाने के प्रयास में जुट गए हैं. जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पिछले दो दिनों से ऐसे कर्मचारियों की आवाजाही बढ़ गई है, जो आवेदन देकर अथवा जनप्रतिनिधियों की सिफारिश के माध्यम से अपने तबादले निरस्त कराने का प्रयास कर रहे हैं.**



विभागीय सूत्रों के अनुसार, कई कर्मचारियों का मानना है कि मिडिल स्कूलों की तुलना में हायर सेकेंडरी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने से काम का दबाव भी ज्यादा रहता है. इसी कारण कुछ कर्मचारी अपने वर्तमान पदस्थापन स्थल पर ही बने रहने की कोशिश कर रहे हैं. इस बीच तबादला सूची में शामिल एक नाम जितेन्द्र धायगुडे विभागीय हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है. सूत्रों के मुताबिक, शासकीय सुभाष हायर सेकेंडरी स्कूल, बड़ा गणपति में पदस्थ एक गणक का तबादला उसी परिसर में स्थित जिला शिक्षा कार्यालय में किया गया है. चर्चा है कि प्रारंभिक स्तर पर इस नाम को सूची से हटाए जाने की बात हुई थी, लेकिन अंतिम अनुमोदन के लिए भेजी गई सूची में इसे शामिल रखा गया. विभागीय हलकों में यह चर्चा भी है कि संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध पूर्व से विभागीय जांच लंबित है. इसे लेकर तबादला नीति के प्रावधानों पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं. हालांकि, इस संबंध में विभाग की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि या स्पष्टीकरण जारी नहीं किया गया है.फिलहाल तबादला आदेश के बाद कर्मचारियों के आवेदन, सिफारिशें और तबादले रुकवाने की कोशिशें शिक्षा विभाग में चर्चा का प्रमुख विषय बनी हुई हैं.

**जिला शिक्षा अधिकारी शौर्य मल्होत्रा ने बताया...**

स्कूल शिक्षा विभाग की ट्रांसफर पॉलिसी के तहत प्रशासनिक आधार पर तबादले किए गए हैं. यदि किसी कर्मचारी के तबादले में किसी प्रकार का संशोधन या परिवर्तन किया जाना होगा, तो उसके लिए मुख्यमंत्री स्तर से अनुमोदन आवश्यक होगा. विभाग निर्धारित नीति एवं नियमों के अनुरूप ही कार्रवाई कर रहा है.

# 10 मिनट की बारिश में जलभराव से खजराना चौराहा बना तालाब

- निगम की तैयारियों की खुली पोल

नवभारत न्यूज़

**इन्दौर. मानसून की शुरुआती बारिश ने ही नगर निगम के सड़क निर्माण और जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी है. खजराना गणेश मंदिर चौराहे पर महज 10 मिनट की बारिश में सड़क पर इतना पानी भर गया कि पूरा क्षेत्र जलमग्न नजर आने लगा.**




सड़क पर जलभराव के कारण दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क तो बना दी गई, लेकिन वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से हर बारिश में यही स्थिति बन जाती है. मानसून अभी शुरुआती दौर में है. ऐसे में यदि तेज और लगातार बारिश हुई तो इस क्षेत्र में हालात और गंभीर हो सकते हैं. शुरुआती बारिश में ही जलभराव की स्थिति ने नगर निगम की तैयारियों और ड्रेनेज व्यवस्था पर प्रश्न खड़े कर दिए हैं.

# शहर को होर्डिंग मुक्त करने कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सोमवार को नगर निगम मुख्यालय पर कांग्रेस पार्षद दल और शहर कांग्रेस ने शहर को होर्डिंग मुक्त करने के लिए ज्ञापन दिया. कांग्रेस ने कहा कि पिछले कुछ वर्षो से शहर में राजनीतिक और धार्मिक आयोजनों में शहर की सुंदरता में दाग लगाने का कार्य किया जा रहा है.**



आज नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट भाटिया ऑफ शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने पार्षदों एवं कांग्रेस नेताओं के साथ नगर निगम मुख्यालय पर शहर में अवैध होर्डिंग्स को लेकर ज्ञापन सौंपा, नेता प्रतिपक्ष और शहर अध्यक्ष ने ज्ञापन में मांग रखी कि एक समय शहर में कहीं भी होर्डिंग लगते थे, तो नगर निगम द्वारा तुरंत कार्रवाई की जाती थी. साथ ही जिसके नाम से होर्डिंग लगे है, उससे जुर्माना भी वसूला जाता था. आज शहर की सुंदरता को दाग लगाने का काम किया जा रहा है. कांग्रेस की मांग है कि शहर की सुंदरता से खिलवाड़ करने वाले किसी भी राजनीतिक दल के हो, उन पर कार्रवाई होना चाहिए. शहर की सुंदरता को लेकर नगर निगम का कांग्रेस पूरा सहयोग करेगी. इस दौरान कांग्रेस पार्षद अयाज बेग, अंसाफ़ अंसारी, अनवर दस्तक, महासचिव संजय बाकलीवाल, रफीक खान और कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे.

**नेता प्रतिपक्ष के भी लगे होर्डिंग**

कांग्रेस निगम में अपर आयुक्त को होर्डिंग को लेकर ज्ञापन दे रही थी. वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट भाटिया के शहर में निगम स्ट्रीट लाइट खंबे पर लगे होर्डिंग को लेकर भी आलोचना हुई. इसके बाद चिंटू चौकसे ने सोनिला के समर्थकों को होर्डिंग हटाने के निर्देश दिए.

## एक नजर में

### ओप्पो इंडिया ने रेनो16 सीरीज पेश की

इंदौर. ओप्पो इंडिया ने अपनी रेनो16 सीरीज इंदौर में लॉन्च की. इस सीरीज में



भारत के पहले होलोवर्स 3डी डिजाईन, 50एमपी के मेन और 3.5एक्स टेलीफोटो लेंस वाले एआई पोर्टेट कैमरा, नैचुरल टोन इमेजिंग और ऑल-फोकल-लेंथ 4के 60एफ़पीएस एचडीआर वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ दो स्मार्टफोन रेनो16 और रेनो16सी पेश किए गए हैं. ये स्मार्टफोन युवाओं के लिए बनाए गए हैं. रेनो16 सीरीज केवल एक कम्युनिकेशन डिवाईस नहीं, बल्कि कैमरा और क्रिएटिव स्टूडियो के साथ प्रोडक्टिविटी कंपेनियन और पर्सनल असिस्टेंट भी है. रेनो16 सीरीज में जहाँ शानदार कंटेंट के लिए एआई रीमिक्स कोलाज, पॉप कैम और पॉपआउट 2.0 जैसे एआई पॉवर्ड टूल हैं, वहीं लेटेस्ट कलरओएस16 की मदद से बहुत ही इंटैलिजेंट अनुभव भी मिलता है. प्रोडक्ट मैनेजर अपूर्वा श्रीवास्तव ने कहा कि आज की पीढ़ी के लिए स्मार्टफोन केवल एक डिवाईस नहीं है, बल्कि उनकी क्रिएटिविटी दिखाने और कहानियों एवं व्यक्तित्व को कैप्चर करने के लिए हमेशा उनके साथ रहने वाला कंपेनियन भी है. रेनो सीरीज हमेशा से ट्रेंडसेटिंग डिजाईन के साथ बेहतरीन इनोवेशन पेश करती आई है।यह सीरीज वैसे ही आगे बढ़ी है, जैसे युवा क्रिएट और कनेक्ट करते हैं.

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ईपीएफओ प्लेटफॉर्म से जुड़ा

इंदौर. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत काम करने वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के साथ जुड़कर पीएफ (प्रोविडेंट फंड) भुगतान सेवा शुरू कर दी है. इस सुविधा के जरिए संस्थान अब ईपीएफओ पोर्टल से सीधे पीएफ भुगतान शुरू कर सकते हैं और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के रिटेल और कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म के जरिए आसानी से भुगतान पूरा कर सकते हैं. यह पूरी प्रक्रिया सुरक्षित और पूरी तरह डिजिटल है. इसमें रियल-टाइम ट्रांजैक्शन की पुष्टि, इस्तेमाल में आसान इंटरफेस और रिकॉर्ड रखने व मिलान के लिए तुरंत चालान डाउनलोड करने की सुविधा भी मिलती है. लॉन्च के बारे में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के हेड- रिटेल लाइबिलिटीज़, आशीष सिंह ने कहा, हम समझते हैं कि हर कारोबार के लिए समय पर वैधानिक भुगतान करना बेहद जरूरी होता है और हमारा मानना है कि यह प्रक्रिया आसान और बिना किसी परेशानी के होनी चाहिए. ईपीएफओ के साथ हमारी इस नई सुविधा के जरिए ग्राहक अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर तेज़ी, सुरक्षा और आसानी से पीएफ का भुगतान कर सकेंगे.

### ईवा वुमन्स हॉस्पिटल में द विंची रोबोटिक सर्जिकल सुविधा

इंदौर. महिलाओं के स्वास्थ्य, विशेषकर स्त्रीरोग एवं स्त्री कैंसर रोग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अहमदाबाद के ईवा वुमन्स हॉस्पिटल ने सबसे उन्नत रोबोटिक-असिस्टेड सर्जिकल तकनीकों में से एक, द विंची इलेवन सर्जिकल सिस्टम को स्थापित किया है. इस अत्याधुनिक तकनीक का नेतृत्व डॉ. दीपक लिम्बाचिया करेंगे, जो ईवा वुमन्स हॉस्पिटल के संस्थापक, एम.डी., डी.जी.ओ., लैप्रोस्कोपी एवं रोबोटिक सर्जरी विशेषज्ञ तथा एडवांस्ड गायनेकोलॉजिकल एवं गायनेक ऑन्कोलॉजी सर्जन हैं. डॉ. दीपक लिम्बाचिया ने कहा मिनिमली इनवेसिव तकनीक के माध्यम से नर्व-स्पेयरिंग सर्जरी संभव होने से ऑपरेशन के दौरान रक्तस्राव कम होता है, सर्जरी के बाद दर्द और घाव से जुड़ी जटिलताओं में कमी आती है तथा अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि भी कम हो सकती है. इसके परिणामस्वरूप मरीजों की रिकवरी तेजी से होती है और बेहतर क्लीनिकल परिणाम प्राप्त होते हैं.

### लॉक अप : सच या सजा अब छठवें दिन भी स्ट्रीम होगा

इंदौर. फैसला हो चुका है. फैन अपनी बात रख चुके हैं. सोशल मीडिया पर हलचल मचाने तथा जबरदस्त ड्रामा, चौंकाने वाले ट्विस्ट और बेबाक सच्चाईयों के साथ दर्शकों को बांधे रखने के बाद अब से लॉक अप: सच या सज़ा एक और दिन प्रसारित होने वाला है. इस हफ्ते से यह कैप्टिव रियलिटी शो शनिवार से गुरुवार, रात 8 बजे प्रसारित होगा. यानी दर्शक हर हफ्ते एक और दिन लॉक अप देख पाएंगे. फैन्स के अपार स्नेह और जबरदस्त प्रतिक्रिया के साथ यह शो टीवी प्रेमियों का पसंदीदा शो बन गया है. इसके हर एपिसोड में नई बातें और यादगार लम्हे देखने को मिलते हैं. रितेश देशमुख ने कहा, दर्शकों ने लॉक अप: सच या सज़ा को सबसे अधिक चर्चित रियलिटी शो में से एक बना दिया है. उनके इस प्यार के लिए हम उनके आभारी हैं. अब वो हफ्ते में एक दिन और यह शो देख सकेंगे, मतलब, अब होगा ज़्यादा ड्रामा, ज़्यादा सरप्राईज और ज़्यादा सच के साथ ज़्यादा सज़ा. यहाँ से इनमेट्स का सफर और ज़्यादा मुश्किल होने वाला है. फराह खान ने बताया, ''यकीन नहीं हो रहा कि लॉक अप- सच या सज़ा को दर्शकों ने इतना अधिक प्यार दिया है.

# फायर सेफ्टी, राजस्व प्रकरणों और छात्रावासों में 'अपनत्व अभियान' शुरू करने का निर्णय

- समय सीमा बैठक में कलेक्टर की सख्ती

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में फायर सेफ्टी, राजस्व प्रकरणों में समय सीमा और छात्रावासों में 'अपनत्व' अभियान फिर से शुरू करने के आदेश कलेक्टर ने मातहत अधिकारियों को दिए है. उक्त आदेश आज समय सीमा बैठक में जारी किए. साथ ही सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण नहीं करने पर कई अधिकारियों को नोटिस एवं जुर्माना लगाने के निर्देश दिए.**



कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज कार्यालय में समय-सीमा (टीएल) पत्रों की समीक्षा बैठक की. समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने छह प्रकरणों का रेंडम परीक्षण किया. इसमें लापरवाही पाए जाने पर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को कारण बताओ नोटिस, नगर निगम जोन क्रमांक-18 के जोनल अधिकारी पर दोगुनी पेनल्टी तथा स्वास्थ्य विभाग लेवल-1 अधिकारी के खिलाफ भी नियमानुसार पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए. बैठक में फायर सेफ्टी को लेकर सभी एसडीएम को सप्ताह में कम से कम दो दिन विशेष अभियान चलाकर फायर सेफ्टी मानकों का पालन कराने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जिन भवनों में बेसमेंट पार्किंग के लिए स्वीकृत है, वहां उसका उपयोग केवल पार्किंग के लिए ही कराया जाए. बैठक में जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, एडीएम रोशन राय, निगम अपर आयुक्त आकाश सिंह, श्रृंगार श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे. कलेक्टर कार्यालय परिसर से बाहर पदस्थ अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से बैठक में शामिल हुए.

**अधिकारी छात्रावासों का नियमित भ्रमण करें**

बैठक में नए शैक्षणिक सत्र में छात्रावासों में 'अपनत्व अभियान' पुनः शुरू करने का निर्णय भी लिया गया. कलेक्टर वर्मा ने निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों के अधिकारी छात्रावासों का नियमित भ्रमण कर पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, भोजन, सुरक्षा सहित मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करें.

# एसजीएसआईटीएस में स्वामी विवेकानंद प्रतिमा का अनावरण आज

इन्दौर. श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान एसजीएसआईटीएस इंदौर में मंगलवार को स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया जाएगा. यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे संस्थान के प्रशासनिक भवन के सामने आयोजित होगा. यह आयोजन छात्र सेनेट (एसएसएस) की पहल विवेकानंद नवाचार मंच के अंतर्गत किया जा रहा है. समारोह में मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम में क्षेत्रीय संगठन मंत्री एबीवीपी चेतस सुखड़िया सहित विभिन्न शिक्षाविद, प्राध्यापक, पूर्व छात्र, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक भी शामिल होंगे. संस्थान प्रबंधन के अनुसार. प्रतिमा अनावरण के बाद अतिथियों के साथ संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा.

# भारी बारिश से रेल यातायात प्रभावित इंदौर-दौंड समेत कई ट्रेनों का रूट बदला

- मुंबई-पुणे घाट सेक्शन में भूस्खलन और जलभराव का असर, कई ट्रेनें निरस्त व रीशिड्यूल

नवभारत न्यूज़

**इन्दौर.** मुंबई और पुणे क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश, जलभराव तथा मुंबई-पुणे घाट सेक्शन में भूस्खलन और ट्रैक पर बोल्डर गिरने से पश्चिम एवं मध्य रेलवे की कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है. इसका असर रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली ट्रेनों पर भी पड़ा है.

रेलवे के अनुसार, 6 जुलाई को इंदौर-दौंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस को सूरत-जलगांव-मनमाड-पुणे मार्ग से चलाया जाएगा. वहीं हजरत निजामुद्दीन-पुणे दुरंतो एक्सप्रेस भी परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी. बारिश के कारण 6 जुलाई को मुंबई सेंट्रल-हजरत निजामुद्दीन अगस्त क्रांति राजधानी, बांद्रा टर्मिनस-अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस तथा बांद्रा टर्मिनस-श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्वराज एक्सप्रेस निरस्त कर दी गई हैं. इसके अलावा मुंबई सेंट्रलङ्कनई दिल्ली राजधानी, मुंबई सेंट्रल-जयपुर सुपरफास्ट, मुंबई सेंट्रल-इंदौर अवंतिका एक्सप्रेस, बांद्रा टर्मिनस-अमृतसर गोल्डन टेम्पल मेल और बांद्रा टर्मिनस-बरौनी अवध एक्सप्रेस को रीशिड्यूल किया गया है. रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर ही स्टेशन पहुंचने की अपील की है.

# ट्रिपिंग और बिजली कटौती पर एमडी सख्त, अधिकारियों को सुधार के निर्देश

## समय-सीमा बैठक में कहा- ट्रिपिंग कम करें, बारिश में बाधित आपूर्ति जल्द बहाल करें

नवभारत न्यूज़

**इन्दौर. मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने सोमवार को समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को ट्रिपिंग की घटनाओं में कमी लाने और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. बैठक में दिए गए निर्देशों से साफ है कि बार-बार ट्रिपिंग और बारिश के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या अब भी कंपनी के लिए चुनौती बनी हुई है.**




एमडी ने मैटेनेंस कार्य की गुणवत्ता सुधारने, मौसम खराब होने पर कम से कम समय में बिजली आपूर्ति बहाल करने तथा लंबित कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए. स्टोर प्रबंधन, सामग्री वितरण और स्क्रैप प्रबंधन में भी लापरवाही नहीं बरतने को कहा. उन्होंने इंदौर के औद्योगिक क्षेत्र में प्रायोगिक तौर पर कवर्ड कंडक्टर लगाने के निर्देश भी दिए, ताकि तकनीकी बाधाओं और ट्रिपिंग पर नियंत्रण पाया जा सके. बैठक में मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, कार्यपालक निदेशक गजरा मेहता, एस.एल. करवाड़िया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे.


एक नजर में — वीआर और होलोग्राम जू से मिलेगा अनोखा अनुभव

# चिड़ियाघर में बना देश का पहला 14डी थिएटर

नवभारत न्यूज़

**इन्दौर. कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय इंदौर चिड़ियाघर एक बार फिर देशभर में आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है. यहां बन रहा अत्याधुनिक 14डी थिएटर अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है और जल्द ही इसे आम जनता के लिए शुरू किया जाएगा. फिलहाल इसका ट्रायल चल रहा है, जिसमें सभी तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है.**





महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि इंदौर का प्राणी संग्रहालय पहले से ही देश के प्रमुख चिड़ियाघरों में शामिल है और अब 14डी थिएटर के जुड़ने से इसकी पहचान और अधिक बढ़ेगी. उन्होंने कहा कि बहुत जल्द मुख्यमंत्री से समय लेकर इसका विधिवत शुभारंभ किया जाएगा. चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उत्तम यादव के अनुसार, यह देश का पहला 14डी थिएटर होगा जिसे पीपीपी मॉडल पर विकसित किया गया है. इसमें आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है, जिसमें वीआर (वर्चुअल रियलिटी) ग्लास के माध्यम से दर्शकों को वास्तविक जैसा अनुभव मिलेगा. थिएटर में कुल 14 प्रकार के विशेष इफेक्ट्स शामिल होंगे, जिनमें हवा, बारिश, गड़गड़ाहट, धुंध और सीट मूवमेंट जैसे अनुभव शामिल हैं. इससे दर्शक फिल्म या प्रस्तुति को केवल देखेंगे ही नहीं, बल्कि उसे 'जीते हुए' महसूस करेंगे.

**होलोग्राम जू भी विकसित कर रहे** -इसके साथ ही परिसर में होलोग्राम जू भी विकसित किया जा रहा है, जहां 3डी तकनीक के माध्यम से वन्यजीवों की आभासी प्रस्तुति दिखाई जाएगी. इसके अलावा डिजिटल जंगल सफारी, वॉटरफॉल, कैफेटेरिया और अन्य आकर्षण भी विकसित किए जा रहे हैं, जिससे यह स्थान एक पूर्ण मनोरंजन और शिक्षा केंद्र के रूप में उभरेगा.

**तीन करोड़ रुपए है लागत**

करीब 3 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस प्रोजेक्ट के लिए टिकट दर लगभग 70 रुपये से लेकर 100 रुपए रह सकती है. अधिकारियों के अनुसार, उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री के शामिल होने की संभावना भी जताई जा रही है. इस नई तकनीकी सुविधा के शुरू होने के बाद इंदौर का प्राणी संग्रहालय देश के चुनिंदा आधुनिक चिड़ियाघरों में अपनी अलग पहचान बना लेगा. इस अत्याधुनिक थिएटर को जल्द ही जनता को रोकने की तैयारी की जा चुकी है.

# आईडीए द्वारा फर्जी एनओसी में एफआईआर दर्ज

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आईडीए द्वारा आज फर्जी एनओसी मामले में लिप्त संपत्ति पर एफआईआर दर्ज करवा दी. उक्त मामले में वरिष्ठ अधिकारी की फर्जी साइन कर टीएनसीपी में अनुमति के लिए लगा दी गई थी. जांच में आईडीए का एक कर्मचारी ओर दंपत्ति ने मिलकर फर्जी एनओसी बनाने का मामला सामने आया था.**

करीब दो माह पहले आईडीए के भू अर्जन अधिकारी सुदीप मीणा की साइन से योजना 97/4 में फर्जी एनओसी बनाकर टीएनसीपी में अनुमति के लिए लगा दी थी. टीएनसीपी ने आईडीए से जानकारी मांगी तो मामला पकड़ में आया, क्योंकि जमीन आईडीए की योजना में शामिल है. उक्त मामले आईडीए ने कर्मचारी पर पहले ही एफआईआर दर्ज करवा दी थी, जो आज तक फरार है. वहीं उक्त मामले में जांच के बाद आईडीए भू अर्जन अधिकारी सुदीप मीणा ने 97 विष्णुपुरी कॉलोनी निवासी तारा उपाध्याय और पति राजेंद्र उपाध्याय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी. तुकोगंज थाने में उपाध्याय दंपत्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (2), 336,338 और 340 में प्रकरण दर्ज किया गया है.